तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

11 न आरक्षण खत्म होगा और न ही महतारी...



12 सरकड़ा मिडिल स्कूल का परीक्षा परिणाम...





## खबर संक्षेप

### मां ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने की पिता से मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिंधनखोल में एक युवक ने अपने पिता से मारपीट कर दी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी बाबूलाल नंद पिता धरमू नंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 1 मई की सुबह करीबन 8.30 बजे मैं अपने घर के बाहर बैठा था। उसी समय मेरा बड़ा बेटा ओमप्रकाश नंद घर पर मेरी पत्नी नोराबाई से पैसा मांग कर विवाद कर रहा था। जब उसे पैसे नहीं मिले तो वह गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकला और मुझे देख कर गाली गलौज करते हुए, तुम लोग मुझे पैसा नहीं देते हो कहकर घर के सामने गली में मुझसे हाथ-मुक्का एवं घर की जलाऊ लकड़ी से मारपीट करने लगा। तब मेरी पत्नी नोरा बाई ने बीच बचाव किया। प्रार्थी ने बताया कि ओमप्रकाश नंद के द्वारा मारपीट करने से मेरे बांये हाथ के पंजे ,पीठ एवं बायें आंख के ऊपर माथे में चोट आई है। पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गर्मी में तीन बार पानी सप्लाई लेकिन, जल कर एक चौथाई भी वसूल नहीं

**महासमुंद।** गर्मी के दिनों में लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े इसलिए बीते तीन वर्षों से जिला मुख्यालय के नागरिकों को दिन में तीन बार पानी दिए जाने की सुविधा तो दी जा रही है। लेकिन, तमाम सुविधाओं के बावजूद जलकर बकायादारों में टैक्स जमा करने को लेकर सजगता का अभाव देखा जा रहा है। इसी का नतीजा है कि वसूली लक्ष्य 3 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपए में से मार्च की समाप्ति तक महज 78 लाख 37 हजार रुपए ही वसूल हो पाए हैं। बता दें कि जिला मुख्यालय में कुल 8114 घरेलू नल कनेक्शन हैं, जिसमें दो टाइम पानी देने के लिए 80 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। घरों में पानी सप्लाई के लिए शहर में कुल 7 बड़ी पानी टंकी बनाए गए हैं। जिसमें दो टंकियों को 7 बोरवेल्स के माध्यम से भरा जाता है और बाकी के 5 टंकियों को महानदी जलावर्धन के तहत पानी चढ़ाया जाता है।

### छोटा हाथी की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवक घायल

**महासमुंद।** छोटा हाथी वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए हैं। मामला महासमुंद सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बरोंडाबाजार के मवेशी बाजार के पास का है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना को लेकर प्रार्थी लक्ष्मी धृतलहरे पिता हीरालाल धृतलहरे ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम खेमड़ा थाना कोमाखान हाल पीएचई आफिस के पीछे चंद्राकर बाड़ा बीटीआई रोड महासमुंद का निवासी हूं और वर्तमान में एफसीआई महासमुंद सुभाष नगर में सुरक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत हूं। उसने बताया कि बीते महीने 16 अप्रैल को लगभग 01.45 बजे ड्यूटी से घर पहुंचा था, उसी समय घर में मेरे बड़े साढ़ू भैया आनंद घृतलहरे के छोटा लड़के लक्ष्य घृतलहरे ने मुझे पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोंडा बाजार में किसी काम के सिलसिले में साथ चलने कहा।

# मौसम में उतार-चढ़ाव से पारा पहुंचा 41 डिग्री पर, तेज गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

लगातार मौसम में उतार चढ़ाव के बाद अब मई माह में तेज धूप और गर्मी ने अपना कहर ढाना प्रारंभ कर दिया है। पिछले 2-3 दिनों से लगातार तेज धूप और गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरूवार को तेज धुप व गर्मी के साथ दिन का तापमान 41 डिग्री के उपर पहुंच गया। इस वनांचल क्षेत्र में भी सुबह से तेज धुप और सूर्य के तीखे तेवर गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है, लोग उमस भरी गर्मी पसीना की चिपचिपी के चलते परेशान हो गये है, सीजन में पहली बार मैनपुर का अधिकतम तापमान लगभग आज 41 डिग्री के करीब पहुंचा तो लोगों को लगा कि जैसे गर्मी में जान ही निकल जायेगी।

## भीषण गर्मी और तीखी धूप का कहर जारी





### कूलर व पंखे की मांग बढ़ी

लगातार तेज धुप और गर्मी के कारण अब लोग कुलर पंखा खरीदी करने बाजार पहुंच रहे है। इस वर्ष पड़ रही तेज गर्मी के कारण नगर व क्षेत्र में कुलर, पंखा की जमकर बिक्री हो रही है।



### ज्यादा से ज्यादा पानी पिये : बीएमओ

मैनपुर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने तेज धुप और गर्मी को देखते हुए लोगों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा पानी पिये और धुप में निकलने से पहले गमछा व काटन कपड़े से नाक, कान गला को ढक ले उन्होने लोगों से ताजा भोजन करने की अपील किया है।

दोपहर में गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को मुश्किल में डाल रखा है। गर्मी व उमस इतनी ज्यादा कि फ्रिज में रखा हुआ दूध भी खराब होने लगा है। जो अब तक पुराने कूलर के सहारे गर्मी गुजारने वाले थे वे अब नये कूलर लेने बाजार पहुंच गये है। सुबह से लेकर रात तक लोग गर्मी से बेहाल हो रहे है। सुबह से ही सुरज कि किरणे तीखी हो गई, तेज धूप से लोगों के त्वचा मे जलन महसूस होने लगी है। सुबह 8 बजे ही गर्मी ऐसे लगने लगा कि जैसे दोपहर के 12 बजे हो सुबह 11 बजे ही तापमान 40 डिग्री को पार गया था दोपहर 2 बजे मैनपुर का तापमान 41 डिग्री के ऊपर पहुंच गया तो अब तक के सर्वाधिक तापमान है। इस सीजन में अब पड़ रही गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है। गर्म हवाओं के चलने ▸▸ शेष पेज 11 पर

## कार्रवाई : अवैध रेत परिवहन करते पकड़े गए वाहनों को राजिम-फिंगेश्वर थाने भेजा

# रेत के अवैध खनन व परिवहन पर भड़के विधायक तो प्रशासन ने पकड़े 16 हाईवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/राजिम

जिले में चल रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्यवाही की है। अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 16 हाईवा वाहन को जप्त कर राजिम और फिंगेश्वर थाना के सुपुर्द किया है। लेकिन इस कार्यवाही के बाद भी खदानों में आज भी चेनमाउंटेन माशीन खड़े हुए हैं। वहीं राजिम विधायक रोहित साहू क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत खनन व परिवहन और अन्य अपराधों को लेकर आज जमकर भड़के हुए थे। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की।

- चार गांव के ग्रामीण उत्खनन की लगातार कर रहे थे शिकायत

जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिला अंतर्गत रावड़, हथखोज, चौबेबांधा और सिंधौरी गांव में लंबे अरसे से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन हो रहा है। पब्लिक शिकायत के बाद भी इन रेत खदानों में कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही किया गया। गुरुवार को राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक, तहसीलदार राजिम अजय ▸▸ शेष पेज 11 पर





### विधायक साहू ने कलेक्टर से कहा- तत्काल करें कार्रवाई

राजिम विधायक रोहित साहू गुरूवार को रेत माफियाओं के ऊपर भड़के हुए नजर आए। उन्होने कलेक्टर से कहा कि नाजायज लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। इस आशय की जानकारी देते हुए विधायक साहू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर वे अंकुश लगाने के निर्देश गुरुवार को कलेक्टर को दिए हैं। विधायक ने प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में एक भी अवैध रेत उत्खनन नही होना चाहिये वहीं रेत उत्खनन में जो गुंडा गर्दी चल रही हैं, उस पर अंकुश लगे साथ ही इस मामले में कठोर कार्यवाही के निर्देश प्रशासन को दिए हैं। उन्होंने जिले के खनिज अधिकारी को दो टुक कहा कि किसी भी हाल में चैन माउंटिंग से रेत का अवैध उत्खनन का कार्य बर्दास्त नहीं किया जाएगा क्योंकि कुछ लोग मेरी एवं सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे है, तत्काल छापा मारकर कार्यवाही करें। हीला-हवाला करने की स्थिति में रेत माफिया व जिम्मेदार खनिज अधिकारी के खिलाफ राज्य सरकार से कार्यवाही तथा एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा एवं जुआ सट्टे पर भी कठोर कार्यवाही करने का निर्देश प्रशासन को दिए हैं। विधायक श्री साहू ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामो में अवैध शराब जुए सट्टा का कारोबार फलफूल रहा है। जिसमें अनेक आपराधिक तत्व के लोग शामिल है। शांत प्रिय क्षेत्र को कुछ लोगों के द्वारा अशांति फैलाया जा रहा है, यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामले में भी प्रशासन कार्यवाही करें। लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं मुहिम चलाकर कठोर कार्यवाही होने से इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

# भालू के हमले से दो ग्रामीण घायल





हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

गुरुवार सुबह जिला मुख्यालय से लगे ग्राम घुटकूनवापारा और ग्राम बेहराबुढ़ा निवासी तेंदूपत्ता तोड़ने गए 2 ग्रामीणों पर जंगली भालू ने हमला कर दिया है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना ग्राम घुटकूनवापारा की। सुबह करीब 6 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए सुदर्शन साहू पिता घासीराम साहू पर अचानक भालू ने पीछे से हमला का दिया।इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ थी। चीख पुकार मची तो भालू वहां से भाग निकला। हमले में सुदर्शन के पीछे कमर में सुर चोट लगी है। दूसरी घटना वहां से महज तीन किमी दूर ग्राम बेहराबुढ़ा की है। यहां पहाड़ी क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने गए विराज ध्रुव पिता श्याम लाल ध्रुव भालू के हमले में घायल हो गया। विराज के सिर में गंभीर चोट लगी है। उसके साथ गए ग्रामीणों ने भालू के हमले से विराज को बचाया। जिसके बाद सरपंच मनीष ध्रुव ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद दोनों ग्रामीणों का जिला अस्पताल में उपचार जारी ▸▸ शेष पेज 11 पर



# बाल विवाह को रोकने जिले में चलाया जागरूकता अभियान

**गरियाबंद ।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिले में 1 मई से 10 मई तक तक बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सभी पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में बैनर पोस्टर लगाकर, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, सुपोषण चौपाल,रंगोली, पेंटिंग आदि के माध्यम से लोगों को बाल विवाह रोकथाम के बारे में जागरूक किया जा रहा है। बाल विवाह कानूनन अपराध है। विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के का आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है। जिले के सभी धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल, व्यापारी वर्ग, सार्वजनिक संस्थान आदि में पोस्टर बैनर लगाकर लोगो को बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन की इस अभियान का उद्देश्य है कि समय रहते लोग अपराध करने से बच जाए एवं शादी की तैयारी में होने वाले खर्च से भी उनको बचाया जा सके। आमजन बाल विवाह से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होते ही 1098 में काल कर जानकारी दे सकते हैं। जिलेवासियों को जागरूक होकर बाल विवाह रोकथाम में जिला प्रशासन का सहयोग देने की अपील की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम में जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक परियोजना अधिकारी, जिला समन्वय यूनिसेफ, चाइल्ड लाइन अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर एवं अन्य ग्रामीणजन भागीदारी निभा रहे है।



# खबर प्रकाशन के बाद जागा विभाग तार को 8 फीट ऊंचाई पर सेट किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

खबर का असर

बिजली विभाग लापरवाही को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया था। खबर प्रशासन के तीन घंटे के अंदर बिजली विभाग द्वारा खतरा को आमंत्रण दे रहे ट्रांसफार्मर में लगे सर्किट व तार को बिजली विभाग द्वारा अब ठीक कर दिया गया है। बता दे कि पूरा मामला रोहिना पंचायत अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम सेमराडीह का था जहां सड़क किनारे गांव में प्रवेश करने के जस्ट पहले एक ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिस पर तीन अलग-अलग सर्किट लगे हुए थे। वह भी खुली हुई साथ ही सर्किट से होकर पात्रता करंट से प्रवाहित वायर बिखरे हुए था। जहां जानलेवा घटना होने की संभावना बनी हुई थी। ट्रांसफार्मर से लगे सर्किट जमीन से महज 2 से 3 फीट की ऊंचाई पर था जो अब लगभग 7 से 8 फीट के ऊंचाई पर सेट किया गया है। उक्त स्थान से होकर रोजाना गांव के लोग वह मवेशी गुजरते है, जो एक बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही थी। परंतु अब हरिभूमि में खबर प्रशासन के बाद बिजली विभाग उसे समस्या को ठीक कर दिया है।


बिजली विभाग दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेमहराडीह में बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है। गांव में प्रवेश से पहले सड़क किनारे बने ट्रांसफार्मर में खुले सर्किट व तार जमीन से महज दो से तीन फिट की ऊंचाई पर है। यह मवेशी व राहगीर के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। गर्मी की छुट्टी में छोटे बच्चे सुबह-सुबह साइकल में घूमने व खेलने जाते रहते हैं। ऐसे में करंट लगने का खतरा बना हुआ है, यह सीधे-सीधे जानलेवा हो सकता है। गांव के मवेशी भी उस राह से गुजरते हैं और खुली तार किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# उदंती अरसीकन्हार क्षेत्र में फिर पहुंचा हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज के अरसी कन्हार क्षेत्र में गुरूवार सुबह 6 बजे के आसपास मुख्य मार्ग को पार कर हाथियों के दल ने अपनी अमाद दी है। लम्बे समय के बाद हाथियों के दल एक बार फिर आने से क्षेत्र में दहशत देखने को मिल रहा है। क्योंकि इन दिनो तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू हो गया है, और ऐसे समय में हाथियों के दल के धमक से लोगों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। यह हाथियों का दल अरसी कन्हार क्षेत्र से मैनपुर वन परिक्षेत्र के बड़े गोबरा कांटीपारा की तरफ आने की संभावना को देखते हुए सुबह से ही मैनपुर वनपरिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम के नेतृत्व में वनविभाग के टीम हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को सूचना दे रहे है। साथ ही जंगल के तरफ अकेला नहीं जाने की अपील किया जा रहा है।वन विभाग के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने बताया हाथियों का दल जो सिकासार नाम से जाना जाता है यहां आज सुबह अरसी कन्हार मुख्य मार्ग को पार कर मैनपुर नगरी मुख्य मार्ग के किनारे अभी शाम 6 बजे तक डटा हुआ है। उम्मीद किया जा रहा है हाथियों का दल वापस सोंढूर के तरफ लौट जायेगा। लेकिन सुरक्षा की दृष्टी से मैनपुर वन ▸▸ शेष पेज 11 पर



# तेंदूपत्ता फड में पहुंचे पोषक अधिकारी

**रसेला।** जिला युनियन गरियाबंद वन परिक्षेत्र छुरा समिति मुढीपानी में हरा सोना का खरीदी एक मई से प्रारंभ हो गया है। समिति प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव, पोषक अधिकारी शिवलाल यादव, फंड प्रभारी रमशीला दीवान ने तेंदूपत्ता खरीदी फंड में जाकर निरीक्षण किया गया। जिसमें फंड पर 50 पत्ते का गड्डी सही पाया गया। साथ ही साथ सभी संग्राहकों को बताया गया कि आप लोग सही पते तोड़कर लाएंगे और गड्डी के बीच में खराब पत्ता मत डालना आप लोगों का पत्ता अच्छा रहेगा तो आप लोगों बोनस भी अच्छा राशि प्राप्त होगा।

## 1008 और 1010 धान की कटाई का काम शुरू

# अंचल में रबी धान की कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

अंचल में ग्रीष्मकालीन रबी फसल में धान की बुवाई अधिक रकबा में इस वर्ष बोयी गयी है। जिसकी कटाई का काम शुरू हो गया है। पिछले वर्ष पतला धान का अच्छा रेट होने की वजह से किसान इस बार 3 माह में पकने वाले अर्ली वैरायटी का धान काफी मात्रा में लगाए हुए है जो कट कर बिकने के लिए तैयार है। किंतु इस बार मंडी में अन्य वर्षो की तुलना में इस बार काफी कम भाव होने की वजह से किसान अभी धान बेचने के मूड में नहीं है। 1008 और 1010 धान की कटाई का काम भी लगभग शुरू हो गया है। इस तपती धूप में भी कई जगहों पर किसान हाथ से धान की कटाई का काम कर रहे है तो कई जगहों पर जहां खेत पूरी तरह सूख चुका है। ऐसी जगह में हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई करवा कर रहे है। गिले खेतों में भी इसका विकल्प आ चुका है चैन वाले हार्वेस्टर मशीन से कटाई की जा रही है। कृषकों ने बताया कि इस काम में पहले के मुकाबले चार्ज अधिक लग रहा है। लेकिन किसान जितना जल्दी हो सके मौसम की स्थिति को देखते हुए अपने उत्पादन को समेटने के लिए मशीनों का उपयोग कर रहे है। ताकि धान सुरक्षित घर तक पहुंच जाए।



पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित जे-सेवन फिटनेस में जिम के सदस्यों के लिए बुधवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25-30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। साथ ही 70 से अधिक लोगों ने रक्त जांच कराई। साथ ही हीमोग्लोबिन काउंट, एचआईवी, मलेरिया, वीडीआरएल, डेंटल एवं आई चेकअप की सुविधा से अपने-अपने स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों पर परामर्श प्राप्त किया। यह शिविर जिम प्रबंधन के नेतृत्व में किया गया। शिविर में उपस्थित सभी सदस्यों को रक्तदान की महत्वता की जानकारी दी और रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र बांटकर उनके सहयोग की सराहना भी की गई।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता चतुर्वेदी का किया सम्मान



**रायपुर।** अमलीडीह स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी का अधिवर्षिकी आयु पूर्ण करने के कारण सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार की तरफ से व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ में उपहार स्वरूप म्यूजिक सिस्टम भी दिया गया। विद्यालय की सुषमा कौशल्या, कामना उपाध्याय ने चतुर्वेदी के बारे में अपने सरगम विद विचार प्रकट किए। उनकी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व समय की पाबंदी पर सभी ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नारायण लाल साहू, सुषमा कोसरिया, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिव्या शर्मा, श्वेता सिंह, दिनेश साहू उपस्थित थे।

### बापू की कुटिया को किया क्षतिग्रस्त

**रायपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-52 के अंतर्गत अमलीडीह अपना गार्डन स्थित बापू की कुटिया को सोमवार की रात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बापू की कुटिया का संचालन करने वाली अपना जी वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सचिव गिरवर प्रसाद राठौर ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह बापू की कुटिया की साफ-सफाई करने वाली आया यहां पहुंची तो उसने पाया कि गेट के पास लगी हुई शीशे की खिड़की है, उसे असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर मारकर तोड़ दिया गया, वह पत्थर अंदर पड़ा मिला है। इस घटना से समिति के सभी सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। समिति के अध्यक्ष शरद गुप्ता ने तत्काल स्मार्ट सिटी रायपुर एवं पुलिस थाने में रिपोर्ट कर दी है और अपेक्षा की है कि ऐसे उपद्रवी तत्वों पर तत्काल कार्रवाई कर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था प्रदान की जाए।

### श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें मित्रता निभाना : पं. शुक्ला



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित महामाया मंदिर के सामने आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार को भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने व्यास स्वरूप पं. शुक्ला ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

# चुनाव ड्यूटी से 1500 के नाम कटे, 1000 आवेदन किए गए रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में जिला प्रशासन ने करीब 11 हजार 5 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें से ढाई हजार कर्मचारियों ने चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन भी किया था, जिनमें से लगभग 15 सौ आवेदनों को मंजूरी देते हुए उन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी की सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा एक हजार आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने व जोड़ने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए जिला पंचायत रायपुर के सीईओ विश्वदीप का कहना है कि चुनाव ड्यूटी करने से हर कोई बचना चाहता है। इसके लिए कई कर्मचारियों ने बहाना बनाते हुए आवेदन किया था, लेकिन उन्हीं कर्मचारियों को ड्यूटी से अलग किया है, जिनकी समस्या गंभीर है।

### सिर-बदन दर्द, रिश्तेदार के यहां शादी जैसे आवेदन रिजेक्ट

चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों ने तरह-तरह के बहाने बनाए थे। इनमें कोई सिर-बदन दर्द, पैदल चलने में दिक्कत, रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होना, छोटे बच्चों की देखरेख, बड़े-बुजुर्ग की देखरेख जैसी कई तरह की समस्या बताते हुए कर्मचारियों ने अपना नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक करने के लिए आवेदन किया था। ऐसे आवेदन करीब एक हजार थे। इन सभी आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है।

### गंभीर बीमारी, डबल चुनाव ड्यूटी, गर्भवती के साथ घर में शादी-मृत्यु जैसे आवेदनों को मिली मंजूरी

#### जिनके नाम कटे उनकी जगह रिजर्व कर्मचारी करेंगे ड्यूटी

जिन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं, उनकी जगह अब रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को ड्यूटी संबंधी आदेश पत्र भी जारी किया है।



#### जिनकी समस्या गंभीर, उनके नाम काटे गए

गंभीर समस्या वाले 15 सौ कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक तथा एक हजार आवेदन रिजेक्ट किए हैं।

- **विश्वदीप**, नोडल अधिकारी व सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ऐसी समस्या वाले आवेदनों को दी गई मंजूरी

चुनाव ड्यूटी से जिनके नाम सूची से अलग किए गए हैं, उनमें गर्भवती महिला, दूधमुंहे बच्चे की मां, हार्ट पैशेंट, कैंसर, हाई बीपी-शुगर से पीड़ित जैसी बीमारी वाले कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा कई कर्मचारियों की चुनाव में डबल ड्यूटी लगा दी गई। ऐसे कर्मचारियों को भी राहत देते हुए उनके नाम पोलिंग बूथ की ड्यूटी से हटाए गए हैं। कुछ कर्मचारियों के घर में शादी समारोह है, तो किसी के परिवार में सदस्य का निधन हो गया है। ऐसे कर्मचारियों के आवेदनों को भी मंजूरी देते हुए उन्हें चुनाव ड्यूटी पृथक किया गया है।

## महिलाएं, बच्चे और युवाओं ने बैनर-पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

# जलसंकट को लेकर परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जलसंकट से परेशान परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने पानी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पानी नहीं, तो वोट नहीं के बैनर-पोस्टर के साथ पंडाल तानकर धरना दिया। रहवासियों ने 5 मई तक पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। कालोनी वासी 25 अप्रैल से धरने पर हैं।

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र स्थित परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी पानी की समस्या से बेहद परेशान हैं। प्रभावित कालोनी की महिलाओं का कहना है कि रोज सुबह उन्हें निस्तारी के लिए तालाब जाना पड़ता है, जबकि लाखों रुपए देकर उन्होंने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से मकान खरीदा है। इसके बाद भी नियमित जल आपूर्ति का अब तक स्थायी प्रबंध नहीं किया गया है और न ही उनकी कालोनी में जल आपूर्ति के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। इसके कारण वे भीषण गर्मी में पानी की समस्या से परेशान हैं। ये स्थिति विगत 10 वर्षों से बनी हुई है। शिकायत के बाद भी न तो क्षेत्र के पूर्व विधायक और न ही नव निर्वाचित विधायक ने उनकी समस्या दूर की। इसीलिए 25 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं।

### पानी नहीं तो वोट नहीं, 5 तक अल्टीमेटम






### निगम के अधिकारियों का व्यू

#### 10 साल से हाउसिंग बोर्ड को फ्री में पानी दे रहे, पाइप लाइन नहीं बिछवाई

परसुलीडीह रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र से 4 किलोमीटर दूर है। इसके बाद भी नगर निगम 10 साल से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को परसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लिए निःशुल्क जल आपूर्ति कर रहा है। सड्डू की पानी टंकी से रोजाना 8 लाख लीटर पानी वहां जा रहा है, पर हाउसिंग बोर्ड वाले केवल 2 टैंकर चलाते हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं बिछवा पाये, हमने पानी आपूर्ति में कोई कमी नहीं की।

- **संतोष पांडे**, जोन कमिश्नर, नगर निगम जोन 9

#### सड्डू की बड़ी टंकी से पानी दे रहे थे निगम ने लाइन पंक्चर कर दिया : हाउसिंग बोर्ड

सड्डू की बड़ी पानी टंकी से परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी को जल आपूर्ति होती रही है। नगर निगम ने वहां ईरानी डेरा बनाकर हमारी लाइन पंक्चर कर दी। इससे पानी का फोर्स कम हो गया है। जलसंकट दूर करने टेकारी सरपंच के पास बोरवेल खनन के लिए जमीन मांगी। चिन्हांकित 2 जगहों पर बोरवेल खनन कराया है, जिसमें पर्याप्त पानी मिला है। एक दो दिन में उसमें पंप उतारा जायेगा। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने खोदाई करवा रहे हैं। नगर निगम ने जनहित में जल आपूर्ति की मात्रा बढ़ाई है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड इसकी सतत निगरानी कर रहा है।

- **संदीप साहू**, डिप्टी कमिश्नर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

## 105 साल के कन्हैया राम ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में 100 प्लस उम्र के मतदाताओं में वोट करने को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 प्लस मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए गुरुवार को 105 वर्षीय कन्हैया राम बंछोड़ जो ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांदुल के रहने वाले हैं, ने अपने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसके एक दिन पहले ग्रामीण विधानसभा की 105 वर्षीय मतदाता रमा देवी शुक्ला ने भी घर बैठे मतदान किया था।कन्हैया राम बंछोर के 60 वर्षीय पुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हर चुनाव में मतदान करते है। 105 वर्ष के हो चुके उनके पिता को अब चलने में परेशानी होती है, लेकिन फिर भी उनमें मतदान को लेकर उत्साह है। अपने पिता के कहने पर उन्होंने घर पर मतदान करने की सुविधा के लिए आवेदन किया था। मतदान दल आज उनके घर पहुंचा, जिसके बाद उनके पिता ने मतदान किया। मतदान करने के बाद उनके पिता ने खुशी जाहिर की कि इस उम्र में भी उन्हें मतदान करने का मौका मिला।

### थोक में रद्द रहेगी लोकल, पैसेंजर ट्रेन

# गर्मी की मार के साथ ट्रेन कर रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होने वाले काम के कारण दो किस्तों यानी 8 से 10 और 19 से 31 मई को संचालित होने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेनों की आ वा जा ही बाधित रहेगी। यात्रियों को गर्मी की मार के साथ ट्रेनों की अनियमित चाल भी झेलनी पड़ेगी।

- नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होगा काम

एलएचएस पुशिंग का कार्य की वजह से डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर, नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस की आवाजाही 8 से 11 मई के बीच रद्द रहेगी। गोंदिया-इतवारी मेमू, इतवारी-रामटेक पैसेंजर, इतवारी-बालाघाट, इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर, तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजेर और स्पेशल, इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 8 से 10 मई के बीच नहीं चलेगी। इसकेअलावा इतवारी-रींवा एक्सप्रेस इस माह में केवल 14 दिन आवाजाही करेगी। दूसरी किश्त में 19 से 31 मई के बीच नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। विभिन्न स्टेशनों में किए जाने वाले विकास कार्य का हवाला देकर पिछले कई समय से पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। इसके साथ बची खुची जो ट्रेनें चल रही हैं, उनकी अनियमित चाल की वजह से भी लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।




*एक और समर स्पेशल ट्रेन*

*गर्मी में यात्रियों को अधिक बर्थ की सुविधा दिलाने के लिए समर स्पेशल चलाने के दौरान में तीन फेरे की एक और ट्रेन की घोषणा की गई है। सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक समर स्पेशल की सुविधा एक से 17 मई तक यात्रियों को मिलेगी। 22 कोच की यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सूरत और शुक्रवार को ब्रह्मपुर से रवाना होगी।*

# पुलिस के साथ 18 कंपनियों ने निकाला फ्लैग मार्च







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के सात दिन पूर्व बुधवार को अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने शहर को तीन हिस्सों में बांटकर फ्लैग मार्च निकाल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फ्लैग मार्च कलेक्टर तथा एसएसपी के निर्देश पर पुलिस तथा अर्ध सैनिक बल के जवानों ने किया। फ्लैग मार्च में पुलिस के सभी डिविजन के पुलिस अफसरों के साथ थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए।

फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से होते हुए शहर को तीन भागों में बांटकर निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान तीनों टीम द्वारा रूट में पड़ने वाले सभी चौराहों, बस्ती एवं व्यस्त इलाकों में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी मरीन ड्राइव से होते हुए आवंति नगर तक पैदल मार्च किया।

# श्रमिक संगठनों ने निकाली रैली आमसभा में श्रमिक एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में श्रमिक संगठनों द्वारा राजधानी में रैली निकाली गई। मोतीबाग चौक से निकाली गई रैली शास्त्री बाजार, छोटापारा होते हुए राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा के रूप में तब्दील हुई। इस मौके पर मेहनतकशों को एकजुट होने आवाज बुलंद की गई और मई दिवस अमर रहे के नारे गूंजे।

- मोतीबाग चौक से निकाली रैली, राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा

मई दिवस के मौके पर राजधानी में विभिन्न श्रमिक संगठनों ने रैली निकाली। इसमें रायपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज यूनियन, बीएसएनएल एम्प्लाइज यूनियन, सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन, मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटिटिव्हज यूनियन, पोस्टल कर्मचारी संघ, सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सहित विभिन्न घटक संगठनों से संबद्ध कामगारों ने शिरकत की।

इस अवसर पर हुई सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने कहा कि इस वर्ष का मई दिवस नई चुनौतियों को लेकर आया है। यह दिवस ऐसे समय मनाया जा रहा है, जब देश में 18वीं लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। महंगाई, नोटबंदी, जीएसटी, मजदूर किसान विरोधी कानून, सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण, बेरोजगारी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। ऐसे में कामगारों को एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद करने की जरूरत है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह काम संगठित होकर अच्छे ढंग से किया जा सकता है।

#### मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें

मौजूदा लोकसभा चुनावों में मजदूरों, किसानों और मेहनतकश लोगों के सभी वर्गों के लिए जरूरी है कि मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें। नवउदारवादी नीतियों के साथ-साथ सांप्रदायिक विभाजनकारी के खिलाफ एकजुट संघर्ष को तेज करना है। आमसभा को एमके नंदी, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, एससी भट्टाचार्य एवं वीएस बघेल ने भी संबोधित किया।

# महतारी वंदन योजना में 654 करोड़ की तीसरी किस्त का अंतरण

### सीएम ने माताओं-बहनों से कहा- चेक कर लें अपने खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त महिलाओं के खाते में विष्णुदेव सरकार ने ट्रांसफर कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में अंतरण कर दी गई है। सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बुधवार को महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त दे दी है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को महतारी वंदन योजना की तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया गया है।



#### साढ़े 6 लाख खातों का आधार लिंक नहीं

माह मई की सहायता राशि के लिए कुल 654.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। इसके अंतर्गत उनके आधार से लिंक हुए बैंक खाते में सहायता राशि प्राप्त होगी तथा 6,48,004 हितग्राहियों को, जिनके खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया गया।

### शासकीय संपत्तियों के उपयोग का लगाया आरोप

# बृजमोहन अग्रवाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले से मुलाकात की और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल द्वारा शासकीय संपत्तियों का उपयोग, शासकीय अधिकारी कर्मचारी पर दबाव पूर्वक कार्य करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप में कहा, लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी शासकीय संपत्ति का उपयोग कर अपना चुनाव प्रचार व प्रसार नहीं कर सकता, परंतु बीजेपी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल जो वर्तमान में भाजपा सरकार में मंत्री हैं, वे निरंतर अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। शासकीय भवनों, शासकीय कार्यालय, बिजली के खभों, स्कूल व अन्य सरकारी संपत्तियों में अपना बैनर पोस्टर होर्डिंग्स लगाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनका सहयोग उनके विभाग के सरकारी कर्मचारी भी कर रहे हैं एवं चुनाव कार्य को प्रभावित कर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि बृजमोहन अग्रवाल के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा पूरे लोकसभा में शासकीय संपत्ति पर किए गए विज्ञापनों को तत्काल हटाया जाए एवं ऐसे प्रचार में की गई राशि को भी उनके चुनाव व्यय में गणना कर शामिल की जाए। शिकायत करने वालों में वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा सहित कई नेता शामिल थे।



## खबर संक्षेप



### कलशयात्रा के साथ मानसगान का शुभारंभ

**सुरसाबांधा।** ग्राम परतेवा में ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय छत्तीसगढ राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का शुभारंभ गुरुवार को कलशयात्रा निकालकर की गई। इस मानसगान समारोह के उद्घाटन अवसर पर प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि दुर्गा हीरालाल साहू सरपंच व सुदामा राम वर्मा उपसरपंच परतेवा, रोहित ध्रुव अध्यक्ष, इन्दलू राम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, श्रवण कुमार वर्मा पूर्व सरपंच ,कोमल वर्मा पूर्व सरपंच द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुक्रवार से प्रत्येक दिन 7-7 ख्याति प्राप्त मंडलियो द्वारा कार्यक्रम मानसगान की प्रस्तुति दिया जायेगा। मंच संचालन गजानंद साहू, रामदयाल साहू ,एवं खेलावन साहू करेंगे।

### जिला अध्यक्ष होरीलाल ने बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस

**सुरसाबांधा।** मजदूर दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिला के राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष होरीलाल वर्मा ने बोरे बासी खाकर



मजदूर दिवस मनाया। साथ ही सोशल मीडिया में अपलोड किया। जिला अध्यक्ष वर्मा ने कहा की पूर्व में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के लोक सांस्कृतिक, खेल कूद एवं खान-पान को बढ़ावा दिया। साथ ही मजदूर भाइयों के सम्मान में 1 मई को पूरे प्रदेश में बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के महिला जिला अध्यक्ष सुलेखा नागेश, कामेश निर्मलकर मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, चंद्रभान निषाद एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी बोरे बासी खाकर अन्तर राष्ट्रीय मजदूर दिवस दिवस मनाया।

## निधन

### हबीब भाई

**मैनपुर।** नगर के वरिष्ठ नागरिक हबीब भाई उम्र 68 वर्ष का गुरुवार



को निधन हो गया। जिनका शुक्रवार सुबह 11:00 बजे मैनपुर कब्रिस्तान में जनाजा की नमाज पढ़ कर खाके सुपुर्द किया जाएगा। ज्ञात हो कि हबीब मुन्ना भाई मैनपुर मुस्लिम समाज के पूर्व में अध्यक्ष भी रह चुके हैं। तथा छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में लिपिक के पद पर भी थे।

# कोच सरोजनी को गोल्ड मेडल व शील्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

इंटर स्टेट टोंग इल मो डू चैंपियनशिप का शानदार आयोजन पाइकमाल ओडिशा में हुआ। मुख्य अतिथि पदमपुर विधायक बरसा सिंह बरिहा थे। प्रतियोगिता के दौरान टोंग इल मो डू फेडरेशन दिल्ली के कोषाध्यक्ष किरण, छत्तीसगढ़ सचिव उपेंद्र प्रधान, कार्यक्रम प्रभारी जगन्नाथ साहू, प्रदेश अध्यक्ष मीरा पंडा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 17 जिलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने



प्रतिभागियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

भाग लिया। महासमुंद जिले के कोच सरोजनी खटकर को आयोजकों की तरफ से गोल्ड मेडल और शील्ड प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्राम सुखापाली के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें नोनीबाई रत्नाकर एवं हेमंत ठाकुर ने गोल्ड मेडल, गायत्री रत्नाकर एवं चंद्रमणि रत्नाकर ने सिल्वर मेडल, हितेश रत्नाकर एवं सागर लहरे ने ब्रांज मेडल हासिल की। इस उपलब्धि पर छग सचिव उपेंद्र प्रधान ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# न आरक्षण खत्म होगा और न ही महतारी वंदन योजना बंद होगी : रानी पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल का धुआंधार दौरा इन दिनो अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहा है। वे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में महिलाओं की टोलियो के साथ निकल रही है। रानी पटेल ने क्षेत्र के मतदाताओं से कांग्रेस के उस वादा से सावधान रहने की बात कही है जिसमें महिलाओं को एक लाख रूपए देंगे बोल रहे है। जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर चल रही है और रायपुर लोकसभा में बृजमोहन लहर को देखते हुए कांग्रेसी भ्रम



फैलाने से बाज नही आ रहे है। वे कह रहे है कि मोदी की सरकार बनने पर संविधान और आरक्षण खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के इस झुठ के झांसे में जनता नही आने वाली है। रानी पटेल ने कहा कि कटघोरा की एक सभा में देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साफ-साफ कहा है कि आरक्षण कभी खतम नही होगा और न ही वे खतम होने देंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कह दिया है कि महतारी वंदन योजना कभी बंद नही होगी। माताओं-बहनो के खाते में हर माह के प्रथम सप्ताह में ही राशि पहुंच जाएगी। कांग्रेस जनता को भड़काने का काम कर रही है जो कभी सफल नहीं होने वाली है।

# मनाया बोरे-बासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर अंकित बागबाहरा ने कांग्रेसजनों के साथ बोरे बासी खाकर छत्तीसगढ़िया परंपरा को बनाए रखा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जीवन नायक, विनोद मरकाम, इंद्रा चौहान व अन्य कांग्रेसजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक कार्य के लिए तोषण का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के मुख्य मास्टर ट्रेनर के रूप में महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। इसके लिए विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने कहा कि गोस्वामी ने जिस समर्पण, कुशलता और संपूर्ण जिम्मेदारी से निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप कार्य किया है, वह



विद्यालय परिवार के साथ ही साथ शिक्षा विभाग के लिए भी गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता पूजा साहू ने कहा कि गोस्वामी के पास हमेशा निर्वाचन संबंधी हर प्रश्न का उत्तर रहता है। वे ना सिर्फ हर समस्या का तुरंत समाधान कर देते हैं, बल्कि हमेशा सकारात्मक बातें करते हैं और हर किसी की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर उनके सहयोगी मास्टर ट्रेनर संजय मांझी को भी सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में वरिष्ठ व्याख्याता विमल मन्नाडे, विवेक रहाटगांवकर, ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर, तपस्या शर्मा, आशीष देवांगन, नोबल ध्रुव, खोमन लाल चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथलेश, देवेंद्र कुमार शर्मा, प्रज्ञा लांजेवार, मधुमति चंद्राकर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। गोस्वामी द्वारा इस सम्मान के लिए प्राचार्य एवं समस्त शाला परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली में शिक्षा सत्र 2023-24 का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रथम शनि मांझी, द्वितीय अनिल यादव, तृतीय भुवनेश्वर निषाद, कक्षा एलकेजी से प्रथम रिया पटेल, द्वितीय रोशन भोई, तृतीय मृगोश चौहान, कक्षा 2 से प्रथम पूजा प्रधान, द्वितीय प्रिंस विश्वकर्मा, कक्षा 3 से प्रथम आराध्या दास, द्वितीय दीपेश यादव,



तृतीय अकाश राणा, कक्षा 4 से प्रथम सेंजल बंजारे, द्वितीय समीर निषाद, तृतीय राहुल यादव, कक्षा 5 से प्रथम तुषार नायक, कक्षा 6 से प्रथम गरिमा दास, द्वितीय भुवन यादव, कक्षा 7 से प्रथम मंजु नायक, द्वितीय इसकेतन यादव, कक्षा 8 से प्रथम शिवा यादव, कक्षा 9 से प्रथम सुमित नायक, द्वितीय जतिन नायक, तृतीय पियुष नायक, कक्षा 11 से प्रथम दुर्गेश पटेल, द्वितीय टीकाराम पटेल। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरुजी प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा, नए संचालक जन्मजय नायक, उप संचालक दुर्गा चरण नायक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नेहरू स्मृति विद्यालय में पहली से आठवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**बिरकोनी।** नेहरू स्मृति विद्यालय बिरकोनी में कक्षा पहली से आठवीं तक इस 2023-24 सत्र में कुल 287 छात्र-छात्राएं दर्ज थे। जिसमें सभी बच्चों परीक्षा में शामिल हुए। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसमें कक्षा पहली में प्रथम नुहारिका मानिकपुरी 98.66 प्रतिशत, द्वितीय जीविका पटेल 98, तृतीय आयुष पटेल 98 व कक्षा दूसरी में प्रथम पायल साहू 98, द्वितीय हिमांशु पटेल 97.33, तृतीय मीनाक्षी साहू 97.33 व तीसरी में प्रथम तान्या साहू 99.5, द्वितीय रश्मि साहू 99, तृतीय भेखराज साहू 96 व चौथी में प्रथम रिया साहू 98, द्वितीय नोमेश ध्रुव 97, तृतीय गोविंद पटेल 96.5 व पांचवीं में प्रथम कौशिल्या यादव 93, द्वितीय आशीष मन्नाडे 92.5, तृतीय कुनाल यादव 92 व छठवीं में प्रथम हरीश साहू 95, द्वितीय रूपेश चंद्राकर 94.83, तृतीय मंजीता ढीढी 94.83 व सातवीं में प्रथम आमिनी



साहू 97, द्वितीय आराधना ढीढी 96, तृतीय अंजलि चंद्राकर 96 व आठवीं में प्रथम मेघा चंद्राकर 98, द्वितीय पूर्वा चंद्राकर 97, हरिना निषाद 96 प्रतिशत के तृतीय स्थान पर रही। छात्रों की सफलता पर प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने हर्ष जताया।

# कक्षा नवमी में खिलेश्वरी 95 प्रतिशत के साथ स्कूल में रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में मंगलवार को कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम प्रभारी प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 70.65 प्रतिशत रहा। 95 में से 65 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। खिलेश्वरी ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। तारिणी और सुजल क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारहवीं में 69 में से 55 छात्राएं



उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में भुनेश्वरी, ममता, कमलेश्वरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में गंगा, गीतांजलि, और गरिमा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय में इंद्राणी, ज्योति और नीतू क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। छात्राओं की सफलता पर प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने हर्ष जताया। वहीं परीक्षा प्रभारी संतराम साहू ने अनुत्तीर्ण और पूरक प्राप्त छात्राओं को और अधिक मेहनत करने एवं सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, मनीषा तिर्की, निधि अग्रवाल, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी, सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे।

# कोरबा लोकसभा के रामपुर विधासभा प्रभारी बनाए गए विधायक योगेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बीते दो दिनों से लगातार प्रचार में जुटे हैं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। इसके पूर्व पांच मई तक लगातार चुनाव प्रचार अभियान में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के साथ मिलकर जुटे हैं।

# बृजमोहन अग्रवाल के प्रचार पर उतरीं कॉलेज की छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मतदान की तारीख ज्यों-ज्यों करीब आते जा रहा हैं। त्यों-त्यों प्रचार की गति जोर पकड़ रही हैं। कायदे से देखा जाए तो कांग्रेस की बनिस्बद भारतीय जनता पार्टी का प्रचार-प्रसार अभियान तेज दिख रहा हैं। ग्रामीण कार्यकर्ता अपने नेता भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए दिलोजान से काम करते देखे जा रहे हैं। एक-एक गांव, एक-एक घरो एक-एक गलियों में 42 डिग्री तापमान के बीच मतदाताओं से मिल रहे हैं और भाजपा सरकार के कार्यों का बखान कर रहे हैं। कॉलेज की छात्राएं रोली साहू, विद्या, चांदनी साहू, नेमराज, नितिन नेताम, हुमन साहू, पियुष नेताम सहित अनेकों छात्र-छात्राएं गांवो में पहुंच चुके हैं। वे अपने स्वेच्छा से गांव आकर भाजपा के पक्ष में घूमकर मतदान करने प्रेरित कर रहे हैं। बता दें कि रोली साहू विधि-ला की प्रतिभावान छात्रा हैं जो युनिवर्सिटी रायपुर से केण्ड टाप की है। उम्र केवल बीस वर्ष हैं। लोकसभा का उनका प्रथम मतदान करने का अवसर उन्हें मिलेगा। बताया कि वे मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने एवं बृजमोहन अग्रवाल को रिकॉर्ड मतों से विजय दिलाने अपने भाई हर्षवर्धन और दोस्तों के साथ स्वयं के खर्च पर चुनाव प्रचार में पिछले तीन दिनों से निकल रही है। इस दौरान डंगनिया, चम्पारण, जौन्दी, जौन्दा, पोड़, तोरला, कठिया, उगेतरा, गोरभट्टी जैसे अनेकों गांव का दौरा कर चुकी है। अभी बचे हुए तीन दिन 3-4 और 5 तारीख में दर्जन भर गांव का दौरा प्रोग्राम बना रखी हैं। ये लड़कियां खासतौर से महिला एवं लड़की मतदाताओं से ज्यादातर संपर्क कर रही हैं।

## पेज 9 के शेष...

### मौसम में उतार-चढ़ाव...

से लू लगने का खतरा भी बढ़ गया है। यही वजह है कि बाईक व पैदल घरो से निकलने वाले लोग मुहं में कपड़ा बांध कर निकल रहे है, मैनपुर नगर सहित क्षेत्र भर के लोग भीषण गर्मी से बेहद परेशान हो गये है, सूर्य देव अपना रौद्र रूप दिखाने लगा है। गर्मी से लोगों के दिनचर्या में परिवर्तन आ गया है। नगर सहित क्षेत्र में जगह -जगह तरल पदार्थ, ठंडा पेयजल की मांग बढ़ गई है, तो नदी, नाले व तालाब सूखने से निस्तार की समस्या गंभीर होती जा रही है, सुबह 8 बजते ही जरूरी काम में ही लोग घर से निकल रहे है लू के डर से तरह तरह के उपाय कर रहे है। लोग जेब में प्याज लेकर चल रहे है गर्मी का विपरित असर लोगों के सेहत पर पड़ रहा है। अस्पतालों में लू के मरीज के साथ सिर दर्द, बुखार, उल्टी दस्त के मरीजो की संख्या बढ़ गई है छोटे छोटे बच्चो के शरीर मे घमोर्री से परेशान हो रहे है।

### रेत के अवैध खनन...

चन्द्रवंशी, सहायक खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, खनिज निरीक्षक सुभाष चन्द्र साहू के संयुक्त टीम द्वारा राजिम एवं फिंगेश्वर क्षेत्र में रावड़, हथखोज, चौबेबांधा और सिंधौरी से रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 14 वाहन राजिम थाना में एवं 2 हाईवा फिंगेश्वर थाना में जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसी कड़ी में वाहन क्रमांक सीजी 07 सीआर 9031 चालक हेमंत भारती, सीजी 07 सीएन 9029 चालक संजय साहू, वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 4480 चालक राकेश कुमार उरांव, वाहन क्रमांक सीजी 04 एमए 0655 चालक गोवर्धन निषाद, वाहन क्रमांक सीजी 25 जे 7234 चालक रामसुरत, वाहन क्रमांक सीजी 04 एलयू 0307 चालक शैलेन्द्र धीवर, सीजी 04 एमएन 6415, सीजी 04 एमएन 4614, सीजी 04 एनवी 4986, सीजी 04 एमपी 4464, सीजी 04 एलपी 1410, सीजी 04 पीई 5105, सीजी 07 बीआर 7574, सीजी 07 सीएम 6356, सीजी 07 बीएफ 1006 को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

**कार्रवाई की जा रही है : सहायक खनिज अधिकारी-** सहायक खनिज अधिकारी एफएल नागेश ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने पर लगाकर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### भालू के हमले से...

है। इस संबंध सरपंच मनीष ध्रुव ने कहा कि तेंदूपत्ता तोड़ने को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। लेकिन जंगली जानवर के हमले से खतरा भी है। उन्होंने आसपास अंचल के लोगो से अपील करते हुए कहा कि कभी भी अकेले जंगल में ना जाए। ग्रुप बनाकर जाए। बचाव हेतु लाठी भी साथ रखे। उल्लेखनीय है गर्मी के दिनों में जंगल के अंदर पानी का स्त्रोत सुख जाने के चलते जंगली जानवर आसपास के नदी नालों और बड़े तालाब की ओर रुख करते है। ग्रामीण ओर पहाड़ी क्षेत्र से पैरी नदी लगे होने के कारण अक्सर जंगली जानवर भालू और तेंदुआ गर्मी के दिनों के पैरी नदी के आसपास नजर आते है। अधिकांशत रात 11, 12 बजे या फिर सुबह 4 से 6 बजे के बीच ये पानी पीने निकलते है। अधिक सक्रिय रहते है।

### उदंती अरसीकन्हार क्षेत्र...

परिक्षेत्र के गोबरा कांटीपारा क्षेत्र में लोगों को सूचना दी जा रही है कि जंगल के तरफ अकेले न जाये। मैनपुर नगरी मुख्य मार्ग में अरसी कन्हार जंगल में आज हाथियों का दल सुबह 6 बजे मुख्य मार्ग को पार कर सड़क किनारे तालाब नदी में डेरा डाल दिये है जब हाथियों का दल मुख्य मार्ग को पार किया तो दोनो तरफ वाहनो की लम्बी काफीला लग गई कई राहगीरो ने इसका विडियों बना कर सोशल मिडिया में वायरल भी किया है।

### शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

**महासमुंद।** आधुनिक शिक्षा में परिवर्तन करते हुए छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हमारे देश में शिक्षा नीतियों में संशोधन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाई गई। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 साल से 8 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के अंतर्गत रखा गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना है। महाविद्यालय में इसी एनईपी 2020 के विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में प्राचार्या अंकिता चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, कांति साहू, टोपराम कुर्रे एवं आशी चंद्राकर उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष राशि नगर की सफाई का जायजा लिया

**महासमुंद।** चुनाव और आचार सहिता के चलते शहर में प्रभावित हुई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने एक बार फिर से कमान संभाली है। 40 डिग्री तामपान वाली कड़ी धूप में पालिका के स्वच्छताकर्मियों के साथ श्रीमती महिलांग शहर के मुख्य मार्ग के नालियों, डिवाइडर और ओवरब्रिज के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई कराई। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि अगर एक महिला के हाथों नगर की कमान



हो तो वो शहर को अपने घर की तरह स्वच्छ रखने के साथ ही सजाती भी है। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि शहरवासियों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस कर्तव्यों को दिल से और बेहतर तरीके से निभाने का पूरा प्रयास कर रही हूं। उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने में पालिका का हर तरह से सहयोग करने की अपील भी की।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉन्सिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### तेंदूपत्ता संग्रहण में जुटे ग्रामीण

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** अंचल में हरा सोना तेंदूपत्ता संग्रहण का काम बुधवार से शुरू हो गया है। इससे ग्रामीण बहुत खुश हैं। ग्रामीण सुबह 4-5 बजे से ही तेंदूपत्ता संग्रहण करने के लिए जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं। हर साल इसका इंतजार ग्रामीण बेसब्री से करते हैं, क्योंकि तेंदूपत्ते से अच्छी आमदनी हो जाती है। जिससे ग्रामीण परिवारों का घर चलता है। वनांचल क्षेत्र में इन दिनों हरे सोने के जरिए ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं।

### हिन्दू सनातन संस्कृति पर हमले करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे: साहू

**राजिम।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुतकैया में कुछ लोगों द्वारा हिन्दू सनातन संस्कृति पर हमला करने का कुंठित प्रयास किया गया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने



प्रशासन और विधायक रोहित साहू को दी है। बताया जाता है कि ग्राम दुतकैया में देवस्थल शिव मंदिर में तोड़ फोड़ किए जाने की घटना सामने आई है। इस मामले को विधायक ने गंभीरता से लेते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक को तत्काल जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। विधायक श्री साहू ने कहा कि ऐसी घटनाएं सभ्य समाज में अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। सनातन सभ्यता के प्रतिरूपों पर आंच आई तो दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। सनातन संस्कृति पर गलत दृष्टिकोण रखने वाले, हिन्दू सनातन संस्कृति पर धार्मिक ठेस पहुंचाने वाले ऐसे शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्व अतिशीघ्र कानून की गिरफ्त में होंगे। क्योंकि क्षेत्र सहित ग्रामीणों में इस कृत्य को लेकर जमकर नाराजगी व्याप्त है इसको देखते हुए ही विधायक ने प्रशासन को जल्द दोषियों को गिरफ्तार करने कहा है।

### स्रोत समन्वयक राकेश का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अभनपुर टीम द्वारा नवनियुक्त विकासखंड स्रोत समन्वयक राकेश साहू का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं से बीआरसीसी श्री साहू को अवगत कराया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, प्रांतीय प्रवक्ता विजय रॉय,प्रांतीय मीडिया प्रभारी अमित दुबे,सम्भाग उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह,कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला सचिव डायमंड सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, योगेश निर्मलकर, पवन साहू, गिरीश ध्रुव,रंजित भारती, टोमेन्द्र साहू, श्रवण देवांगन, दीपेंद्र सिन्हा,योगेश साहू,भुखु राम ध्रुवे, तानसिंह ध्रुव,गिरधर साहू,भरत नेताम ,के सी साहू,युगल किशोर साहू उपस्थित रहे।

### मोदी को फिर बनाएं पीएम व बृजमोहन को जिताएं

**अभनपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा खोरपा मंडल के शक्ति केन्द्र ग्राम बेलर मे जगदलपुर पूर्व विधायक संतोष बाफना के नेतृत्व मे बैठक संपन्न हुआ । इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर देश में रिकॉर्ड कायम करना है। बृजमोहन अग्रवाल जैसे जननायक जन सेवा और राजनीति के अजय योद्धा रायपुर लोकसभा का प्रत्याशी है जो क्षेत्र के जनता के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष धमतरी शशि पवार, रायपुर जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष धमतरी कविंद्र जैन, मंत्री धमतरी डॉक्टर बिथीका विश्वास मंडल महामंत्री नेहरू लाल साहू विशाल राम साहू, राधे रीगरी, जितेंद्र निर्मलकर भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

**समस्या : चौबेबांधा मोड़ पर 100 मवेशियों का डेरा, हादसे की आशंका बढ़ी**

# शहर में लावारिस मवेशियों की समस्या बरकरार, हादसे के इंतजार में प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शहर में दिन प्रति दिन बढ़ रही लावारिस मवेशियों की संख्या के चलते शहरवासी खौफ के साए में जीने को विवश हो रहे हैं। यह समस्या पिछले लंबे अरसे से चली रही है बावजूद इसके प्रशासन की ओर से लावारिस मवेशियों से शहरवासियों को निजात दिलवाने के लिए कोई गंभीरता नहीं है। मवेशियां सड़कों पर तो पूरा दिन ईधर से उधर मंडराते ही रहते हैं। खेतों और बाड़ियों में भी उत्पात मचाने है। सबसे ज्यादा त्रस्त बस स्टैण्ड के आसपास लगने वाले ठेले, फल दुकान के लोग रहते हैं। गाड़ी के डिक्की में भी खाने पीने के सामानों को मुंह मारने में कमी नहीं करते। प्रायः लोग एक दुकान से दूसरे दुकान में खरीददारी करते हुए आधा सामान को डिक्की में रखते हैं, आधे को हैंडल में लगाते हैं। जरा सा भी नजर चूकी तो ये मानकर चलो कि लावारिश मवेशी उसे अपना निवाला बना लेते हैं। राजिम शहर में घुम रहे ये मवेशी इतने चालाक हैं कि गाड़ी की डिक्की को कैसे खोलना है ये भी जानते हैं जो एक दो बार धोखा खा चुके हैं ऐसे लोग जब किसी दुकान में सामान लेने जाते हैं तो साथ में रखे सामान को अपने साथ ले जाते हैं लेकिन जो इन सब बातों से अनजान रहते हैं वे अक्सर धोखा खा जाते हैं। रोज कम से कम पचासों लोग इसका शिकार होते हैं। कहीं सब्जी तो कहीं फल कहीं पर दाल, आटा, बेसन पर भी ये मवेशी मुंह मार लेते हैं। किसान भी इन दिनों मवेशियों से खासे परेशान हैं। इन पर रोक लगाने या मवेशियों को कांजी हाउस में रखने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण दिन में फसल की रखवाली करते हैं लेकिन रात में फसल को बचा पाना मुश्किल होता है। न जाने ऐसे लावारिश मवेशियों से लोगों को राहत कब मिलेगा?

### नागरिकों ने की कार्वाई की मांग

इसी तरह बिकानेर स्वीट्स और सुमित भोजनालय के बीच सड़क में भी लावारिश मवेशियो का डेरा रहता है। पुल की बात करे तो पूरे पुल भर कम से कम हजार से ज्यादा मवेशी यत्र-तत्र बैठे रहते है। कमोवेश यही हाल नवापारा बस स्टेण्ड का होता है। यहां पुनित भोजनालय के सामने दर्जन भर से अधिक मवेशी लोगो का जीना हराम कर रखा है। इन छुट्टा मवेशियो को कांजीहाऊस में डालकर कार्रवाई किए जाने की मांग नागरिको ने की है। सर्वाधिक तकलीफ उन लोगो को होती है जो शाम के बाद सड़को पे आना-जाना करते है। मवेशी सड़क में जो बैठ गए तो समझो टस से मस नही होना है।

### हॉस्पिटल के सामने मवेशियों का जमावड़ा



राजिम-गरियाबंद मार्ग पर गौशाला के पहले साई मंदिर के पास चौबेबांधा मोड़ पर कम से कम 100 लावारिश मवेशी पूरे रोड को घेरकर बैठे रहते है। यह मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग है। दिन और रात बड़ी-छोटी बसें, ट्रकें, ट्रेक्टर, दुपहिया वाहन व सायकल वालों का चलना होता है। रात के अंधेरे में दिखाई कम पड़ता है। लिहाजा सायकल वाले तो गिरते-पड़ते है ही दुपहिया सवार भी स्लीप होकर धराशायी हो जाते है। इन मवेशियों का जमावड़ा कौर हॉस्पिटल के सामने और दत्तात्रेय मंदिर के सामने भी रहता है। बात यदि पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक की करें तो यहां चारो ओर मवेशियों का जमघट शाम होते ही लग जाता है। जो पूरी रात सड़क में ही



## मतदाता जागरुकता अभियान में सहयोग करने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए प्रयास एवं सहयोग के लिए व्यक्तियों व संस्थाओं का जनपद पंचायत छुरा के माध्यम से एक लघु समारोह आयोजित कर सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विदित हो कि मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्थाओं के द्वारा निर्वाचन के पूर्व दिवस तक अपने अपने अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध, गीत, कविता, भाषण, स्लोगन, सेल्फी, गोष्ठी , दीपकलश, रैली, साइकिल रैली, डोर टू डोर संपर्क, विशेष पिछड़ी जनजाति निवासरत सभी ग्रामों एवं दिव्यांग वृद्ध जनों को मतदान तक लाने की सुविधा की जानकारी के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके कारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग मिला। मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का धन्यवाद व्यापित किया गया। जनपद पंचायत छुरा में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रूपकुमार ध्रुव सीईओ जनपद पंचायत छुरा, अध्यक्षता के एल मतावले विकासखंड शिक्षा अधिकारी विशेष अतिथि सी एल साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास उपस्थित रहे ,संपूर्ण जनपद क्षेत्र में स्वीप के सभी कार्यक्रमों को सुनियोजित रूप से प्रत्येक पंचायत, ग्राम, विशेष पिछड़ी कमार, भुजिया बस्ती तक पहुंचाने भगीरथ प्रयास के लिए समाजसेवी शीतल ध्रुव का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही स्वीप प्रभारी व्याख्याता विनोदकुमार देवांगन का भी सम्मान किया गया। वेटलिफ्टिंग संघ छुरा द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके लिए संस्था को सम्मानित किया गया। सुभाष निर्मलकर बिहान समूह, बीईओ व परियोजना अधिकारी का सम्मान किया गया।

## साईं पीकरी धाम टेका को पर्यटक स्थल घोषित करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

श्रीराम का ननिहाल चन्द्रखुरी जहां छत्तीसगढ़ सरकार ने आमूलचूल परिवर्तन कर पूर्ण विकास किया है तो दूसरी ओर टेका में साईं राम का प्राचीन धाम जो पूर्ण रूप से अभाव ग्रस्त हैं। गुरुवार को साईं पीकरी धाम में गांव के सारे लोग एकत्रित होकर साई बाबा की पूजा-अर्चना कर ग्राम पंचायत भवन टेका तक पद यात्रा निकाल कर साईं पीकरी धाम टेका को पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग किए। साईं पीकरी धाम के प्रमुख ट्रस्टी व साईं सेवा संस्थान के प्रमुख मोहन ठाकुर ने बताया कि गांव के बुजुर्गो का माने तो साईं बाबा अपने शिष्यों के साथ यहां पधारे थे



और पीपल का वृक्ष उन्हीं के द्वारा लगाया गया था ग्राम टेका को मालगुजार ठाकुर हरदेव सिंह ठाकुर से नाराज होकर वो चले गये थे यह बात लगभग 250-300 वर्ष पहले की है नहीं तो साईं पीकरी टेका ही साईं बाबा का प्रमुख स्थान होता और तभी से ग्राम देवता के रूप में पूजा हो रही है। बताया कि ग्राम प्रमुख दुर्गा सिंह ठाकुर, योगेंद्र सिंह, चुनु साहू , बाबा ठाकुर, इन्दल साहू, होरीलाल साहू, ठाकुर राम, भूषण साहू, टोमन साहू, नारायण साहू, मनहरण साहु, रेमन ध्रुव बैगा, तुलाराम विश्वकर्मा, आदु साहू, झामु साहू, अनिल यादव, जग मोहन साहू आदि ग्रामीणो ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

## बिजली स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित 9वीं में आरती व 11वीं में तारणी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में नवमी एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। 9वीं में आरती एवं 11वीं में तारणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं में तारणी साहू 87.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, गीता साहू 84.2 प्रतिशत से द्वितीय एवं करण निषाद 81.2 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं नवमी में आरती सोनवानी 77.5ः प्रथम, जितेंद्र साहू 70.1ः द्वितीय एवं टिकेश्वरी साहू 67.5ः के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा न केवल हमें सफल होने के लिए एक मंच प्रदान



करती है बल्कि सामाजिक आचरण,शक्ति,चरित्र तथा आत्म सम्मान देती है।शिक्षा हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों के सामना करने में सहायता करती है। शिक्षा वह ज्योति है जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है। उन्होंने आगे कहा कि जो विद्यार्थी पूरक आए हुए हैं वे परीक्षा की तैयारी में जुट जावे। उनके लिए अलग से समय सारणी निर्धारित कर पूरक परीक्षा के बारे में जानकारी दी जावेगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू नरेंद्र कुमार वर्मा,गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, दुष्यंत साहू तोमन राम साहू व आकाश सूर्यवंशी उपस्थित थे।

### 8वीं में सोनल प्रथम

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अकलवारा के छात्रा कुमारी सोनल साहू कक्षा आठवीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा और शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कुमारी लिशा पटेल 84 प्रतिशत प्राप्त कर



द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं स्कूल में 100 प्रतिशत परिक्षा परिणाम रहा। जिसके लिए शाला परिवार के समस्त स्टाफ व माता- पिता ने इन दोनों के परिक्षा परिणाम से बहुत खुश होते हुए सभी ने बधाई दी।

## सरकड़ा मिडिल स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, 8वीं में उमा प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उतीर्ण सभी बच्चों का शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

सरकड़ा के मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक केशव राम साहू ने कक्षा 6-8 में अध्ययन करने वाले बच्चों की परीक्षा परिणाम की घोषणा की। कक्षा 6वीं में लेखनी सिन्हा ने शाला मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पायल धुरव, कक्षा 7वीं में प्रथम स्थान पर खोमेश साहू, द्वितीय स्थान पर रितु, कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान उमा सेन, द्वितीय स्थान पर त्रिवेणी सिन्हा ने प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम के अवसर पर शाला के उतीर्ण सभी बच्चों को वरिष्ठ शिक्षक शत्रुहन लाल साहू, शिक्षिका लता सोनी, शिक्षक संतोष कुमार साहू, शिक्षिका केशरी कुमारी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शाला के समस्त छात्र- छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

## रवेली स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत 30 अप्रैल को विभिन्न शालाओं ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। प्राथमिक शाला रवेली का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवीं में मानव ने ए ग्रेड, कक्षा चौथी में देविका काव्या ए ग्रेड, कक्षा तीसरी में भावना ए ग्रेड, कक्षा दूसरी में काव्या ए ग्रेड, कक्षा पहली गरिमा बी+ ,कुल 18 बच्चे दर्ज थे जिसमें सभी अगली कक्षा के लिए प्रमोट किए गए। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव ने सभी को शुभकामनाएं प्रदान किए। वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। उन्होंने आगे कहा कि समय का सदुपयोग करना सीखें तथा अवकाश के समय रचनात्मक कार्य करते रहे।



घरों में रहकर चित्रकला, रंगोली, बेकार पड़े समानों से वस्तु निर्माण, कागज से विभिन्न कलात्मक गुर सीखते रहें। माध्यमिक शाला रवेली, जरगांव, नवाडिह, जरगांव का भी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, प्रधानपाठक विकास शुक्ला, योगिता मिश्रा, सुशीला साहू, बंशीलाल साहू, भुवनेश्वरी दीवान, प्रधानपाठक उमेन्द्र कुमार साहू,हेमसिह ध्रुव, रामेश्वरी मांझी, अविनाश वर्मा, रामबती ध्रुव, डिगेश्वरी दिवान, पुखराज ठाकुर, केशव साहू आदि उपस्थित थे।

### हरदी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, 8वीं में डालेश्वरी प्रथम

**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं में सानिया तंडवीर, सातवीं में रुचि ध्रुव व आठवीं में डालेश्वरी प्रथम रही। क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को कनिष्ठ छात्र-छात्राओं ने उपहार देकर सम्मान विदाई भी दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच संतू राम ध्रुव, कन्हैयालाल यादव (उपाध्यक्ष), लखनलाल तिवारी (शिक्षाविद) मोहन ध्रुव व भारत लाल साहू जीवन तारक पालकगण व शाला परिवार से प्रधान पाठक सुखेश्वर राम पंकज, शांति प्रभा मिंज उपस्थित रहें। सभी के लिए स्वल्पाहार व भोजन की व्यवस्था भी किया गया।





Ajay Advt.

## प्रधानपाठक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकसखंड मुख्यालय के शासकीय प्राथमिक विद्यालय झरियाबाहरा के प्रधानपाठक राधेलाल साहू अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सत्र 2023–24 के अंतिम कार्य दिवस पर सेवानिवृत हुए। जिस पर प्राथमिक विद्यालय झरियाबाहरा के स्टाफ और ग्राम झरियाबाहरा के ग्रामीणों ने ससम्मान बिदाई दी। साहू सर 1984 से इस स्कूल में पदस्थ थे। साहू सर प्रधानपाठक के साथ साथ संकुल समन्वक्यक, पीएलसी टीम राजापड़ाव के प्रमुख नेतृत्व कर्ता के रुप में भी कार्य किए। इस बिदाई कार्यक्रम में बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की।

प्राथमिक विद्यालय झरियाबाहरा के शिक्षिका चमेली तीरधारी जमुना ध्रुव ने शाला परिवार की ओर से



उपहार भेट किए साथ ही प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा के प्रधानपाठक रामरतन नेताम शिक्षक संतोष कुमार तारक ने उपहार भेट किए। साहू सर ने इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को नेवता भोजन कराया। साथ ही विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह के साथ प्रगति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में झरियाबाहरा के साथ बेहराडीही, बरदुला उखरुपारा के ग्रामीण राम सिंह मांझी, सहदेव सांडे, सरपंच सुकचंद धुव्र ,पुर्व जनपद सदस्य बाबूलाल, देवकुमार लुदर सिंह विशेषर झाकर, मजनू राम, चंदन सिंह, नारायण सिंह, दसरू राम शामिल रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन हेमंत कुमार साहू ने किया।

